दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, मंगलवार 18 अक्टूबर 2022

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

## आत्म पराजय का रास्ता

अब इस बात का पर्याप्त अनुभव है कि पहचान आधारित ध्रुवीकरण मुक्ति कोई मार्ग प्रशस्त नहीं करते। उलटे वे समाज को एक दुश्चक्र में फंसा देते हैं।

जब पंजाब विधानसभा के चुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत के बाद पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने पंजाब और दिल्ली के सभी सरकारी दफ्तरों में महात्मा गांधी की तस्वीर हटा कर भगत सिंह और डॉ. बीआर अंबेडकर के फोटो लगाने का फैसला लिया, तो संभवत: इसे पार्टी के नेता और दिल्ली में मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने अधिक गंभीरता से ले लिया। उन्होंने शायद यह सोच लिया कि अब सचमुच उनकी पार्टी भगत सिंह और डॉ. अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलेगी। और इसीलिए उन्होंने 'अशोक विजय दशमी' पर उस समारोह में भाग लिया, जिसमें हिंदू देवी-देवताओं में आस्था ना रखने की उस प्रतिज्ञा को दोहराया गया, जो डॉ. अंबेडकर ने बौद्ध धर्म का अंगीकार करने के समय अपने अनुयायियों को दिलाई थी। मगर गौतम यह नहीं समझ पाए कि जिस उदार और प्रगतिशील माहौल में इस तरह की बहसें और कार्य में कोई जोखिम नहीं था, वो माहौल अब बदल चुका है। तो भारतीय जनता पार्टी ने दोहराए गए कार्य को मुद्दा बनाया। और केजरीवाल ने उसी गणना के तहत गौतम को सियासी तौर पर कुर्बान करने का फैसला किया, जिसके तहत उन्होंने डॉ. अंबेडकर की तस्वीरें लगवाई थीं।

बहरहाल, ये मसला सिर्फ किसी पार्टी या नेता से जुड़ा नहीं है। इसका संबंध व्यापक राजनीतिक वातावरण से है, जो गुरते वक्त के साथ में देश बनता गया है। कहा जा सकता है कि इस माहौल को बनाने में जाति और संप्रदाय की पहचान आधारित वैसी चर्चाओं ने भी योगदान किया है, जिन्होंने अपने अति-उत्साह में जवाबी ध्रुवीकरण को शक्ति दी। अब दुनिया में इस बात का पर्याप्त अनुभव है कि ऐसे ध्रुवीकरण- चाहे वो जिस तरफ से हों, मुक्ति कोई मार्ग प्रशस्त नहीं करते। उलटे वे समाज को ऐसे दुश्चक्र में फंसा देते हैं, जिनमें रोजमर्रा की जिंदगी के असली सवाल एजेंडे से हट जाते हैं। इससे लाभान्वित सत्ताधारी वर्ग अपनी सुविधा के मुताबिक ऐसे ध्रुवीकरणों को और हवा देते हैं। ऐसे में आस्था और पहचान की राजनीति उन समूहों के लिए आत्म पराजय का रास्ता बन जाती है, जो वंचित या हाशिये पर रहे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि उन तबकों के हितों की नुमाइंदगी का दावा करने वाली पार्टियां, नेता और बुद्धिजीवी अब भी इसे समझने में अक्षम बने हुए हैं।

## सावधान : नकली विंडो 10 यूजर्स को लक्षित कर रहा है रैंसमवेयर

### साइबर सुरक्षा शोधकर्ताओं ने किया खुलासा



**नई दिल्ली ।** एक रैंसमवेयर अभियान नकली विंडोज 10 और एंटीवायरस इंस्टॉल के माध्यम से सॉफ्टवेयर अपडेट के रूप में घरेलू उपयोगकर्ताओं को लक्षित कर रहा है। साइबर सुरक्षा शोधकर्ताओं ने यह खुलासा किया है। एचपी थ्रेट रिसर्च टीम ने खुलासा किया कि मैग्नीबर नाम का रैनसमवेयर अभियान पीड़ितों से उनके डेटा को अनलॉक करने के लिए 2,500 डॉलर की मांग कर रहा है। भले ही मैग्नीबर 'बिग गेम हंटिंग' की श्रेणी में नहीं आता है, फिर भी यह काफी नुकसान पहुंचा सकता है।

सुरक्षा शोधकताओं ने नोट किया, समर्थित ऑपरेटिंग सिस्टम संस्करणों और यूएसी बाईपास के आधार पर घरेलू उपयोगकर्ता इस मैलवेयर के संभावित लक्ष्य थे। हमलावरों ने सुरक्षा और पहचान तंत्र से बचने के लिए चतुर तकनीकों का इस्तेमाल किया। यूएसी बायपास के साथ, मैलवेयर संक्रमित सिस्टम की शेडो कॉपी फाइलों को हटा देता है और बैकअप और पुनप्र्राप्ति सुविधाओं को अक्षम कर देता है, जिससे पीड़ित को विंडोज टूल्स का उपयोग करके अपना डेटा पुनप्र्राप्त करने से रोकता है।

संक्रमण श्रृंखला एक हमलावर-नियंत्रित वेबसाइट से वेब डाउनलोड के साथ शुरू होती है। उपयोगकर्ता को एक जिप फाइल डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है जिसमें एक जावास्क्रिप्ट फाइल होती है जो एक महत्वपूर्ण एंटीवायरस या विंडोज 10 सॉफ़्टवेयर अपडेट होने का दावा करती है। घरेलू उपयोगकर्ता इस सरल सलाह का पालन करके इस तरह के रैंसमवेयर अभियानों से अपनी रक्षा कर सकते हैं।

एचपी सुरक्षा टीम ने कहा कि घरेलू उपयोगकर्ताओं को केवल विश्वसनीय स्रोतों से सॉफ़्टवेयर अपडेट डाउनलोड करना चाहिए क्योंकि अभियान लोगों को नकली सॉफ़्टवेयर अपडेट खोलने के लिए धोखा देने पर निर्भर करता है। उन्होंने सुझाव दिया, अपने डेटा का नियमित रूप से बैकअप लें। अपने डेटा का बैकअप लेने से आपको मानसिक शांति मिलेगी।

## स्वियातेक ने जीता साल का आठवां खिताब



**सैन डिएगो ।** पोलैंड की टॉप सीड इगा स्वियातेक ने सैन डिएगो ओपन फाइनल में डॉना वैनिक को हराकर साल का आठवां खिताब जीत लिया है। स्वियातेक ने खेले गये एकतरफा मुकाबले में वैनिक को 6-3, 3-6, 6-0 से मात दी। शीर्ष रैंकिंग वाली स्वियातेक ने अपने करियर का 11वां डब्ल्यूटीए एकल खिताब जीतने के लिये एक घंटे 47 मिनट का समय लिया। स्वियातेक ने पहला सेट आसानी से अपने नाम किया लेकिन दूसरे सेट में वैनिक के आक्रामक खेल ने उन्हें कई अप्रत्याशित गलतियां करने के लिये मजबूर किया। स्वियातेक ने आखिरी सेट में वापसी की और लंबी रैलियां जीतते हुए सेट और मैच अपने नाम किया। यह इस साल स्वियातेक की 64वीं जीत है। साल 2013 में सेरेना विलियम्स की 78 विजयों के बाद स्वियातेक ने एक सीजऩ में (डब्ल्यूटीए टूर इवेंट्स और बिली जीन किंग कप प्ले सहित) सबसे अधिक मैच जीते हैं। स्वियातेक ने इस साल अमेरिकी आयोजनों में भी असाधारण प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2022 में अमेरिकी धरती पर 24 मैच जीते जबकि केवल एक मुकाबला हारा है। वह सैन डिएगो ट्रॉफी उठाने से पहले इंडियन वेल्स ओपन, मियामी ओपन, और अमेरिकी ओपन के रूप में अपने करियर का तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुकी हैं।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत के 95 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ जाने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दामों में सोमवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.74 प्रतिशत बढक़र 92.31 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.70 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 86.21 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में चार महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं।

## महंगी गैस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बड़ा बयान, फिर होगी कोयले की वापसी



**वाशिंगटन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच गैस बहुत महंगी होने के कारण कोयला एक बार फिर वापसी करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी दुनिया के देश कोयले की ओर बढ़ रहे हैं। ऑस्ट्रिया पहले ही यह कह चुका है, और आज वे कोयले की ओर लौट रहे हैं। सीतारमण ने कहा कि पश्चिमी दुनिया के देश फिर से कोयले की ओर बढ़ रहे हैं। वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों में भाग लेने के लिए अमेरिकी आई हुई हैं।

यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद पश्चिमी देशों ने कई प्रतिबंध लगाए हैं, जिसके चलते यूरोप को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में तेजी से कटौती हुई है। ऐसी स्थिति में उनके लिए वैकल्पिक ऊर्जा संसाधनों की तलाश जरूरी हो गई है। वित्त मंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि ब्रिटेन में भी एक पुराने ताप-बिजली संयंत्र को उत्पादन के लिए फिर से तैयार किया जा रहा है।

सीतारमण ने कहा कि वास्तव में वह खुद को एक ताप इकाई के लिए फिर से तैयार कर रहा है। इस तरह सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि कई देश (कोयले की तरफ) वापसी कर रहे हैं। कोयला अब वापस आने वाला है, क्योंकि मुझे लगता है कि गैस का खर्च अब उठाया नहीं जा सकता है। या गैस उतनी उपलब्ध नहीं है, जितनी जरूरत है। उन्होंने कहा कि यूरोप ने सही निर्णय लिया है और यदि उन्हें जरूरत के मुताबिक गैस नहीं मिल रही है, तो अन्य स्रोतों की तलाश करनी ही होगी।

## वॉर्म-अप मैच में राहुल-सूर्यकुमार की विस्फोटक बल्लेबाजी, भारत ने ऑस्ट्रेलिया को दिया 187 रनों का टारगेट



**ब्रिसबेन।** भारत ने केएल राहुल (57) और सूर्यकुमार यादव (50) के विस्फोटक अर्द्धशतकों से आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के वॉर्म-अप मैच में सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के सामने 187 रन का लक्ष्य रखा।

भारत ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए पारी की विस्फोटक शुरुआत की। कप्तान रोहित शर्मा एक छोर पर शांत रहे जबकि राहुल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए छठे ओवर में अपना अर्द्धशतक पूरा किया। दोनों के बीच पहले विकेट के लिये 48 गेंदों पर 78 रन की साझेदारी हुई, जबकि राहुल ने आउट होने से पहले 33 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों के साथ 57 रन बनाये। कुछ देर बाद रोहित भी 14 गेंदों पर 15 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

भारत का स्कोर सात ओवरों में 75 रन था लेकिन इसके बाद पारी की रफ्तार धीमी पड़ गयी। विराट कोहली ने सूर्यकुमार यादव के साथ तीसरे विकेट के लिये 42 रन जोड़े, लेकिन कोहली (19), हार्दिक पांड्या (02) और दिनेश कार्तिक (20) एक के बाद एक आउट होते चले गये।

इसके बाद सूर्यकुमार ने पारी की रफ्तार बदली और 32 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के के साथ अपना अर्द्धशतक पूरा किया। सूर्यकुमार आखिरी ओवर में अपना अर्द्धशतक पूरा करते ही आउट हो गये जिसके बाद रविचंद्रन अश्विन ने छक्का लगाकर भारत को 20 ओवर में 186/7 के स्कोर तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया के लिये केन रिचर्डसन ने चार ओवर में 30 रन देकर चार विकेट लिये। इसके अलावा मिचेल स्टार्क, ग्लेन मैक्सवेल और ऐश्टन ऐगर को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

## नामीबिया ने किया बड़ा उलटफेर, ओपनिंग मैच में श्रीलंका को 55 रन से हराया



**गीलोंग ।** नामीबिया ने जैन फ्राइलिंक (44 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और जेजे स्मिट (31 नाबाद) की विस्फोटक पारी की बदौलत आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के उद्घाटन मैच में बड़ा उलटफेर करते हुए श्रीलंका को 55 रन से मात दी। नामीबिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 163 रन बनाये, जिसके जवाब में श्रीलंका 108 रन पर ऑलआउट हो गयी।

नामीबिया ने 14.2 ओवर में 93 रन के स्कोर पर छह विकेट गंवा दिये थे। एक समय पर ऐसा लग रहा था कि वे 150 रन तक भी नहीं पहुंच सकेंगे, लेकिन फ्राइलिंक और स्मिट की जोड़ी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए सातवें विकेट के लिये 70 रन जोड़े। फ्राइलिंक ने 28 गेंदों पर चार चौकों के साथ 44 रन बनाये जबकि स्मिट ने 16 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 31 रन बनाकर श्रीलंका के सामने 164 रन का लक्ष्य रखा।

जवाब में श्रीलंका ने 40 रन पर ही अपने चार विकेट गंवा दिये। भानुका राजपक्षे (20) और कप्तान दसुन शनाका (29) ने पारी को संभालकर पांचवें विकेट के लिये 34 रन जोड़े, लेकिन 74 रन के स्कोर पर राजपक्षे के आउट होते ही श्रीलंकाई विकेटों की झड़ी लग गयी। श्रीलंका अपने आखिरी पांच विकेट 34 रन पर गंवाकर 108 के स्कोर पर ऑलआउट हो गयी।

## मिली का ट्रेलर रिलीज, जिंदगी-मौत से लड़ती दिखीं जाह्नवी कपूर




गुजरते समय के साथ अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के अभिनय में निखार आ रहा है। वह बहुत जल्द अपनी फिल्म मिली के जरिए दर्शकों से रूबरू होंगी। यह फिल्म 4 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब इसका ट्रेलर जारी कर दिया गया है। 2 मिनट 20 सेकेंड का यह ट्रेलर आपको अंदर से झकझोर कर रख देगा। इसमें जाह्नवी असामान्य परिस्थितियों से जूझती हुई दिखी हैं।

फिल्म में जाह्नवी ने मिली का किरदार निभाया है, जो अपने पिता (मनोज पाहवा) के साथ रहती है। वह अपने पिता को छोडक़र पढऩे के लिए कनाडा जाती है। इसके अगले हिस्से में मिली को एक स्थानीय फूड जॉइंट में काम करते हुए दिखाया गया है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब वह गुम हो जाती है। वह एक फ्रीजर में फंसी हुई दिखी। अब फिल्म देखने पर पता चलेगा कि मिली मुश्किल परिस्थिति से कैसे निकलती है।

आंखों में आंसू, डर और बेचैनी लिए मिली के रूप में जाह्नवी का अंदाज लोगों को पसंद आया। इसमें अभिनेता सनी कौशल की छोटी-सी झलक दिखी। ट्रेलर देखने से यह एक सर्वाइवर ड्रामा फिल्म लगती है।

जाह्नवी के पिता बोनी कपूर ने इस फिल्म का निर्माण किया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसके निर्देशन की बागडोर मथुकुट्टी जेवियर ने संभाली है। फिल्म की शूटिंग पिछले साल अगस्त में शुरू हुई थी।

## नवंबर में रिलीज होगी ऐश्वर्या राजेश स्टारर ड्राइवर जमुना



निर्देशक पी. किंसलिन की बेसब्री से प्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर, ड्राइवर जमुना, जिसमें अभिनेत्री ऐश्वर्या राजेश मुख्य भूमिका में हैं, इस साल नवंबर में रिलीज होगी। दशहरा के अवसर पर घोषणा करने के लिए ट्विटर पर अभिनेत्री ऐश्वर्या राजेश ने कहा, आखिरकार, हम नवंबर में आ रहे हैं! ड्राइवर जमुना नवंबर से सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है! अभिनेत्री ने इस घोषणा के साथ एक पोस्टर भी साझा किया कि फिल्म नवंबर में रिलीज होगी। ऐसा लगता है कि ऐश्वर्या राजेश, जो रूढ़िवादिता को तोडऩे के लिए जानी जाती हैं, ने इस फिल्म में एक और भूमिका निभाई है जो एक अभिनेत्री के लिए पहली बार हो सकती है।

## घर पर करें तैयार नारियल बर्फी



मिठाईयां त्योहारों की खुशियों को बढ़ा देती है। इस दौरान आप रिलेटिव को भी मिठाईयां ही सर्व करती हैं। घर पर बने मिठाईयों की बात ही अलग होती है। ये खाने में बहुत स्वादिष्ट लगता है। तो आइए आपको बताते हैं, नारियल बर्फी की आसान रेसिपी।

### सामग्री :

चार सूखे नारियल, 1 बड़ा चम्मच इलाइची पाउडर, ड्राई फ्रूट्स- किशमिश और काजू के बारीक टुकड़े, तलने के लिए आवश्यकतानुसार घी।

**चाशनी बनाने के लिए-** चार कप पानी, छः कप चीनी।

### विधि :

सबसे पहले नारियल के गोले को धोकर टुकड़ों में काट लें। फिर मिक्सी में इसे दरदरा पिस लें। कड़ाही गर्म करें फिर इसमें घी डालें और पिसे हुए नारियल को डाल कर भून कर निकाल लें। चाशनी बनाने के लिए भगोने में पानी और चीनी डालकर चूल्हे पर चढ़ा दें। ध्यान रखें कि चाशनी न ज्यादा पतली हो और न गाढ़ी। अब हल्की आंच पर चाशनी और पिसे हुए नारियल को मिला लें। इस मिश्रण को तब तक चलाते रहे जब तक गाढ़ा न हो जाये। अब एक प्लेट में हल्का घी लगा लें, फिर इसमें मिश्रण को निकाल कर रख लें। ऐसे करने से ये मिश्रण नहीं चिपकेगा। अब इस मिश्रण को अपने पसंद का आकार दें। तैयार है मेहमानों के लिए नारियल की बर्फी।


## शब्द सामर्थ्य- 226

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 225 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## सू-दोकू- 226

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.225 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आप अपने आत्मविश्वास व कार्य क्षमता द्वारा स्थितियों को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे और सफलता भी हासिल होगी। जीवनसाथी का मन जीत पाएंगे। घर की जरूरतों को पूरा करने में भी आपका समय व्यतीत होगा।

***वृष :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। व्यवसायिक गतिविधियां भी सामान्य ही रहेंगी। रखरखाव संबंधी कार्यों में खर्च बढ़ सकता है। आय होने के साथ-साथ खर्चे भी रहेंगे।

***मिथुन :*** आज दिन का अधिकतर समय धार्मिक और आध्यात्मिक संस्थाओं या कार्यों में व्यतीत होगा। आप मानसिक रूप से बहुत अधिक सुकून महसूस करेंगे। आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य भी संपन्न हो सकता है।

***कर्क :*** आज आपका दिन मान सम्मान में वृद्धि करेगा। मन साफ व पवित्र विचार धारा की और अग्रसर होगा। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों में ज्यादा ध्यान दें। तथा संपर्क सूत्रों को भी और अधिक मजबूत करें।

***सिंह :*** आज आपका दिन उदारवादी रहेगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। अपनी पिछली गलतियों से सीखकर अपने वर्तमान को बेहतर बनाएंगे। इस समय अधिकतर कार्य आपके मन मुताबिक तरीके से संपन्न होंगे।

***कन्या :*** आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। धार्मिक कार्यों में प्रवृत्ति बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र की हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। किसी के हस्तक्षेप द्वारा आपकी योजनाएं व कार्य बिगड़ सकते हैं। बेहतर होगा कि अपनी कार्यप्रणाली संबंधी गतिविधियों को किसी के साथ शेयर ना करें।

***तुला :*** आज आपकी संतुलित दिनचर्या की वजह से अधिकतर काम समय पर पूरे होते जाएंगे। किसी धार्मिक व्यक्ति से मुलाकात आपकी विचारधारा में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन मनोनुकूल रहेगा। नवीन कार्य प्रणाली संबंधी योजनाएं बनेगी तथा सफल भी होंगी। आध्यात्मिक उन्नति होगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। इस समय कोई बड़ा अनुबंध मिलने की संभावना है।

***धनु :*** आज आपका दिन भाग्यशाली रहेगा। किस्मत का सितारा बुलन्द रहेगा। धर्म-कर्म और अध्यात्म से जुड़े कार्यों में रुचि रहेगी। अगर इस समय पैतृक संपत्ति संबंधी कोई विवाद चल रहा है तो वह किसी की मध्यस्थता से आसानी से हल होने की संभावना है।

***मकर :*** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद फलदायी होगा। जीवनसाथी का सहयोग सफलता दिलाएगा। व्यवसाय के विस्तार संबंधी कार्यों को आज स्थगित रखें।

***कुंभ :*** आज आपका दिन मनोहारी व लाभकारी रहेगा। किसी शुभ समाचार के मिलने से घर-परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। अनुभवी तथा वरिष्ठ लोगों की सलाह व सहयोग आपके व्यक्तित्व को और अधिक निखारेंगे।

***मीन :*** आज आपका दिन मध्यम सा रहेगा। कोई भी व्यवसायिक डील फाइनल करते समय समझदारी व सूझबूझ की आवश्यकता है। जल्दबाजी में निर्णय न लें तो बेहतर रहेगा। जीवनसाथी पर भरोसा रखें। स्वास्थ्य सही रहेगा।